संघ हेमीकॉर्ड्रेटा

संघ हेमीकॉर्ड्रेटा (Phylum Hemichordata)

हेमीकॉर्ड्रेटा ग्रीक भाषा के दो शब्दों Hemi तथा Chordata से बना है Hemi का अर्थ अर्ध (Half) तथा Chordata के अर्थ रस्सी (cord, string) है।

हेमीकॉर्ड्रेटा को अर्धरज्जुकी (Half Chordata) भी कहा जाता है। हेमीकॉर्ड्रेटा शब्द बेटसन द्वारा दिया गया मेयर के अनुसार इसकी 80 जातियाँ पायी जाती है।

संघ हेमीकॉर्ड्रेटा के सामान्य लक्षण (Common Characteristic of Phylum Hemichordata)

हेमीकॉर्ड्रेटा को कशेरुकी संघ (Phylum Chordata) में रखा गया था , परन्तु वास्तविक पृष्ठ रज्जु (Notocord) के अभाव में इनको अलग संघ (Phylum) में रखा गया।

इनमें पृष्ठ रज्जु (Notocord) केवल अग्र सिरे पर पायी जाती है।

इनकी पृष्ठ रज्जु वास्तविक पृष्ठ रज्जु के समान नहीं होती इसलिए इसको मुख अन्धनाल (Buccal diverticulum) कहते है।

इस संघ के सभी सदस्य समुद्रवासी (Marine) होते है।

इनका शरीर कृमि के समान (vermiform), बेलनाकार (Cylindrical) तथा भंगुर होता है।



OLYMPUS DIGITAL CAMERA

हेमीकॉड्रेटा का शरीर शुंड (Probosis), कोलर (Collar) व वक्ष (Trunk) में विभक्त होता है।

ये त्रिकोरकी (Triploblastic), द्विपार्श्व सममित (Bilateral symmetry), प्रगुहीय (Coelomate) तथा अंग तंत्र स्तर का शारीरिक संगठन (Organ system body level) वाले प्राणी है।

इनमें परिसंचरण तंत्र बन्द (Closed circulatory system) प्रकार का होता है।

इनमें श्वसन तंत्र पाया जाता है श्वसन क्लोम (Gills slits) द्वारा होता है।

हेमीकॉड्रेटा में उत्सर्जन शुंड ग्रंथि (Probosis gland or glomerulus) द्वारा होता है।

ये एकलिंगी (unisexual), बाह्य निषेचन (External fertilization), प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रकार का परिवर्धन (Direct or indirect development) वाले प्राणी है।

इनके लार्वा को टोरनेरिया (Tornaria) कहते है।

संघ हेमीकॉड्रेटा का वर्गीकरण (Classifications of Phylum Hemichordata)

हेमीकॉड्रेटा को दो वर्गों में विभक्त किया जाता है-

1. एन्टेरोप्न्यूस्टा (Enteropneusta)
2. टीरोब्रंकिया (Pterobranchia)

वर्ग एन्टेरोप्न्यूस्टा (Class Enteropneusta)

इनको जिह्वा कृमि (Tongue worm) या acorn worm भी कहते है। इनका शरीर बेलनाकार तथा खण्डविहीन होता है।

उदाहरण Balanoglossus (Tongue worm), Saccoglossus, Protoglossus.

वर्ग टीरोब्रंकिया (Class Pterobranchia)

इनमें U आकार की आहारनाल (Alimentary canal) होती है।

उदाहरण Rhabdopleura, Cephalodiscus, Atubaria.